epaper हिन्दुस्तान

यूपी में बेहतर नगरीय परिवहन सुविधा देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का फैसला

छह शहरों में चलेगी लाइट मेट्रो

प्रस्तुतीकरण: नगरीय विकास के चार विभागों ने खींचा खाका

लखनऊ में मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष नगरीय विकास से जुड़े चार विभागों ने प्रस्तुतीकरण दिया। इस बैठक में दोनों उपमुख्यमंत्रियों के अलावा अन्य वरिष्ठ मंत्री भी मौजूद रहे। • हिन्दुस्तान

20/04/2022

लखनऊ, हिन्दुस्तान टीम। बेहतर नगरीय परिवहन की सुविधा देने के लिए राज्य सरकार प्रदेश के छह शहरों वाराणसी, मेरठ, गोरखपुर, बरेली, झांसी और प्रयागराज में लाइट मेट्रो रेल सेवा शुरू करने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को मंत्रिमंडल के समक्ष नगर विकास क्षेत्र के चार विभागों की कार्ययोजना के प्रस्तुतीकरण के दौरान ये निर्देश दिए। उन्हें बताया गया कि आगरा में दो साल में मेट्रो रेल चलने लगेगी।

धार्मिक नगरी में रोप-वे सेवा: मुख्यमंत्री ने कहा कि लाइट मेट्रो रेल के लिए प्री फिजिबिलिटी स्टडी के बाद डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कराई जाए। गोरखपुर में छह माह में मेट्रो परियोजना का काम शुरू कर दिया जाए। वाराणसी, मिर्जापुर और चित्रकूट में रोप-वे सेवा को शीघ्र शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी परियोजनाओं को समयबद्ध और गुणवत्ता के साथ पूरा कराया जाएगा। सरकार आगामी पांच वर्षों में 220 शहरों को स्मार्ट बनाने का लक्ष्य लेकर काम करेगी।

10 हजार नए पिंक शौचालय बनेंगे: मुख्यमंत्री को नगर विकास विभाग ने बताया कि अगले 100 दिनों में मिशन पिंक टॉयलेट के तहत महिलाओं की सुविधा के लिए 10,000 नए शौचालय बनवाए जाएंगे।

2.51 लाख पीएम आवास बनेंगे: सबका साथ सबका विकास के अनुरूप सभी गरीब, आवासहीन, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा व वंचित और अन्य गरीब परिवारों को आवास की सुविधा उपलब्ध होगी। 2.51 लाख लोगों को प्रधानमंत्री आवास दिए जाएंगे।

सिर्फ ऑनलाइन म्यूटेशन: ई-गवर्नेंस सुविधा में सभी नगर निगमों में 100 ऑनलाइन म्यूटेशन शुरू किया जाएगा। यह सुविधा नगर पालिका व पंचायतों में दो साल में लागू होगी।

अयोध्या में टाउनशिप P 02

• **मेरठ, बरेली, झांसी व प्रयागराज में भी मेट्रो**

06

माह में सभी नगर निगमों में ऑनलाइन म्यूटेशन

- मेरठ, बरेली, झांसी व प्रयागराज में भी मेट्रो
- गोरखपुर में छह माह में शुरू होगा काम

राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र लखनऊ में तैयार होगा

2 संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए उत्तर प्रदेश में नेशनल सेन्टर फॉर डिजीज कण्ट्रोल दिल्ली की शाखा लखनऊ में स्थापित होगी। इसके लिए सरोजनीनगर के ग्राम जैतीखेड़ा में 1.3861 हेक्टेयर भूमि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के पक्ष में नि:शुल्क हस्तांतरित की गई है। इस भूमि में से 2.5 एकड़ भूमि पर यह शाखा स्थापित की जाएगी। शेष भूमि विभाग के पक्ष में सुरक्षित रहेगी। केंद्र-यूपी सरकार के बीच एमओयू हस्ताक्षरित की जाएगी।

05

वर्षों में 220 शहरों को स्मार्ट बनाने का लक्ष्य

अधिक आबादी वाले शहर कूड़ा मुक्त होंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के शहरों को स्वस्थ और प्रदूषण मुक्त बनाने के साथ-साथ नगर नियोजन करते समय भविष्य की जरूरतों का भी ध्यान रखें, जिससे कि हमारे शहर उच्च आधुनिक नगरीय सुविधाओं से लैस हों। एक लाख से अधिक आबादी वाले नगरीय निकायों को कूड़ा मुक्त बनाने के संबंध में कार्ययोजना के निर्देश दिए हैं।